दिनांक 27/03/2024 को स्थानीय पुलिस एवं केरिपुबल के स्त्रोत द्वारा प्राप्त आसूचना के आधार पर विशेष परिचालनिक अभियान चलाया गया जिसमें रेंज क्यू.ए.टी. केरिपुबल, गडचिरोली एवं सी/60 गडचिरोली पुलिस की 08 टीम द्वारा परिचालनिक प्लान नं. 062 के तहत गॉव–भूमकान, उप पुलिस थाना–कसनसुर, जिला–गडचिरोली के पहाडी जंगल ईलाके में चलाया गया था। इस परिचालनिक डयूटी के दौरान लगभग 1630 बजे पुलिस पार्टी गॉव–तिरलागड, पुलिस थाना–जारावंडी, जिला–गडचिरोली के जंगल ईलाके में पहुँची तभी घने जंगल में घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू की, किन्तु बाद में अंधेरा होने के कारण फायरिंग बंद हो गई व पुलिस पार्टी द्वारा वही पर पोजीशन लेकर डटे रहे। तदोपरान्त दिनांक 28/03/2024 को सुबह 0400 बजे पुनः नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी पर ग्रेनेड लान्चर से हमला किया। इस हमले के जवाबी कारवाई में पुलिस पार्टी द्वारा अपने बचाव में जंगल में घात लगाकर बैठे नक्सलियों के उपर फायरिंग शुरू कर दी। इस मुठभेड में पुलिस पार्टी का बढ़ता दबाव देखकर नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गये। इसके उपरान्त पुलिस पार्टी द्वारा मुठभेड ईलाके में खोजबीन किया जिसमें निम्नलिखित अॅम्युनेशन, गोला–बारूद, नक्सल संबंधित सामग्री एवं अन्य साजों–सामान बरामद किया :–

01) जिलेटिन स्टीक्स – 03 नग

02) डेटोनेटर – 01 नग

03) कंट्री मेड बम – 07 नग

04) 12 बोअर के खाली केस – 02 नग

05) सोलर पैनेल – 01 नग

06) एक्सप्लोसिव – 02 ग्राम

07) कॉर्डेक्स – 30 फीट

08) वायर – 80 फीट

09) पिटृटू बैग – 02 नग

10) अॅल्युमिनिअम युटेन्सिल – 01 नग

11) चार्जर एडोप्टर – 01 नग

12) चार्जर केबल – 01 नग

13) तारपोलीन – 03 नग

14) स्टील प्लेट – 03 नग

15) स्टील मग – 02 नग

16) लिटरेचर

17) दैनंदिन उपयोग की वस्तुएँ।